न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22.05.2026	प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण मुकदमा संख्या 20/2025 मौहरबाई बनाम प्रेमदेवी व अन्य पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी राकेश जैमन उपस्थित। अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा निवेदन किया कि विचाराधीन प्रकरण में न्यायालय उप जिला कलक्टर बांदीकुई के तत्कालीन पीठासीन अधिकारी श्री रामसिंह राजावत का स्थानान्तरण हो चुका है। ऐसी स्थिति में प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नहीं है। पत्रावली का अवलोकन किया गया एवं अधिवक्ता प्रार्थी के कथन पर मनन किया गया। विचाराधीन प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण श्री रामसिंह राजावत उप जिला कलक्टर बांदीकुई के विरूद्ध पेश किया गया है। पीठासीन अधिकारी श्री रामसिंह राजावत का स्थानान्तरण हो चुका है। इसलिये प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण सारहीन हो जाने से इसी स्तर पर खारिज किये जाने योग्य है। अतः न्यायालय उप जिला कलक्टर बांदीकुई में विचाराधीन दावा मुकदमा नम्बर 144/2024(38/2024) व प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा मु.नं. 127/2024(25/24) उनवानी मौहरबाई बनाम गुलाब देवी को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण करने हेतु प्रार्थीया मौहरबाई पुत्री स्व0 रामधन पत्नि स्व0 रामदीन जाति मीना निवासी पीलोड़ी तहसील सिकराय जिला दौसा हाल निवासी सिकराय तहसील सिकराय जिला दौसा द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय उप जिला कलक्टर बांदीकुई को भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ अभिलेखागार की जावे। निर्णय आज दिनांक 22.05.2026 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। 22/5/20 (अरविन्द शर्मा) अति. जिला कलक्टर,दौसा	